दैनिक जागरण

29.10.2018

आइआइटी बीएचयू ओवरऑल चैंपियन

तीन दिवसीय खेल महोत्सव स्पर्धा–2018 के अंतिम दिन विजेता किए गए पुरस्कृत

जासं, वाराणसी : आइआइटी बीएचयू में आयोजित खेल महोत्सव स्पर्धा- 2018 का समापन रविवार को जिमखाना मैदान पर हुआ। तीन दिनों तक चली प्रतियोगिताओं में ओवरआल चैंपियन का खिताब मेजबान टीम आइआइटी, बीएचयू ने अपने नाम किया। वहीं बीएसएसएस, भोपाल ने फुटबॉल, एमआइटीएस राजस्थान ने बास्केटबॉल व खो-खो प्रतियोगिता में एनआइटी, त्रिची की टीम ने बाजी मारी।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि पहलवान सुशील कुमार, वेटलिफ्टर कुंजरानी देवी, निदेशक प्रो. पीके जैन, प्रो. आरएस सिंह आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार दिए। सुशील ने कहा कि एक आम परिवार से आकर इतना अच्छा मुकाम हासिल करना बहुत ही बड़ी बात है। खो-खो प्रतियोगिता रेफरी सचिन तिवारी ने बताया कि रविवार को जीडब्यूईसी, अजमेर आइआइटी बीएचयू के बीच टाई मैच खेला गया। इसमें आइआइटी जीती। फाइनल मुकाबले में महिला व पुरुष वर्ग में त्रिची विजेता व आइआइटी बीएचयू की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के दौरान बास्केटबाल को कब्जे में करने का प्रयास करती खिलाड़ी ● जागरण

समापन

- फुटबॉल में भोपाल, बास्केटबॉल में राजस्थान और खो-खो में त्रिची की टीम रही अव्वल
- देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के दो हजार प्रतिभागी हुए शामिल

- बेस्ट आउट स्टेशन : एनआइटी त्रिची
- बेस्ट मार्चिंग टीम : वीआइटी भोपाल
- फेयर प्ले अवार्ड : मोदी यूनिवर्सिटी राजस्थान